*संक्षिप्त विज्ञापन*

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

**क्रमांकः प.14(172)RSSB/अर्थना/कृ.प./भर्ती/2025/** **दिनांक : यथाहस्ताक्षर**

कृषि विभाग राजस्थान के लिये राजस्थान कृषि अधीनस्थ सेवा नियम, 1978 यथा संशोधित तथा राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत निम्नलिखित पदों पर भर्ती हेतु निर्धारित प्रपत्र मे राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा योग्य अभ्यर्थियों से विज्ञापन में वर्णित शर्तो एवं निर्बन्धनों के अध्याधीन **ऑनलाईन आवेदन पत्र (Online Application Form)** आमंत्रित किये जाते हैं :–

| पद का नाम | विज्ञापित पद संख्या | | आयु सीमा (01.01.2026) | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| कृषि पर्यवेक्षक | गैर अनुसूचित क्षेत्र | 944 | न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम। | पे मैट्रिक्स लेवल–5 |
| | अनुसूचित क्षेत्र | 156 | | |
| | **कुल** | **1100** | | |

**<u>पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यताः</u>–**

(i) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एस.सी.(कृषि) **या** बी.एस.सी.(कृषि–उद्यान) ऑनर्स **अथवा** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 योजना के अधीन कृषि के साथ सीनियर उच्च माध्यमिक **या** पुरानी योजना के अधीन कृषि के साथ उच्च माध्यमिक।

और

(ii) देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी में कार्य करने का ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान।

**ऑनलाईन आवेदन व पंजीयन शुल्क भरने की अवधिः**–ऑनलाईन आवेदन एवं पंजीयन शुल्क के संबंध में सूचना यथासमय विस्तृत विज्ञापन में जारी की जायेगी।

**परीक्षा आयोजन :–** बोर्ड द्वारा उक्त पदों पर भर्ती परीक्षा हेतु विस्तृत विज्ञापन में सूचना यथासमय अलग से जारी की जायेगी।

**अन्य बिन्दु व सूचनाः**–शैक्षणिक योग्यता, वेतनमान, आरक्षण के प्रावधान, पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, पदों का वर्गीकरण, आयु में छूट के प्रावधान, आवेदन में संशोधन की प्रक्रिया, परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रम इत्यादि की सूचना विस्तृत विज्ञापन में बोर्ड की वेबसाईट rssb.rajasthan.gov.in पर अलग से जारी की जायेगी।

इस परीक्षा के संबंध में समय–समय पर जारी सूचनाओं को बोर्ड की उपरोक्त वेबसाईट से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना हेतु राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नं. 0141–2722520 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 को सम्बोधित किया जावें।

**(डॉ. बी.सी. बधाल)**
**सचिव**

**क्रमांकः प.14(172)RSSB/अर्थना/कृ.प./भर्ती/2025/** **दिनांक : यथाहस्ताक्षर**

**प्रतिलिपी निम्न को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निदेशक, सूचना एवं जनसर्म्पक निदेशालय, राजस्थान जयपुर को बोर्ड की संक्षिप्त विज्ञप्ति की प्रति प्रेषित कर निवेदन है कि इस विज्ञप्ति को दैनिक भास्कर, राजस्थान पत्रिका, दैनिक नवज्योति समाचार पत्र के राजस्थान राज्य के नवीनतम दैनिक संस्करण में प्रकाशित करवाकर बिल भुगतान हेतु बोर्ड कार्यालय को भिजवाएं जाने का श्रम करावें।
2. प्रभारी अधिकारी, आई.टी. अनुभाग, RSSB, जयपुर को विज्ञापन बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2025.07.16 16:46:13 IST
Reason: Approved

**सचिव**

RajKaj Ref No.: 16588473